

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

जो खुद पर भरोसा रखता है,वही ज़िंदगी में कमाल करता है। मेहनत इतनी करो कि किस्मत भी बोले,"वाह, तेरा क्या कहना!


मंगलवार 14 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 101 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## बिहारशरीफ में प्लास्टिक माफियाओं पर शिकंजा, 10 ट्रैक्टर में भरकर जब्त हुआ माल

### नगर निगम को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम तेज, मुरारपुर में 25 टन प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** शहर को प्रदूषण मुक्त एवं "स्वच्छ–सुंदर बिहारशरीफ" बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने वार्ड संख्या–37 के मुरारपुर इलाके में सघन छा. पेमारी अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और अवैध कैरी बैग की भारी खेप बरामद की गई। नगर निगम की टीम ने छापेमारी के दौरान करीब 25 टन से अधिक प्लास्टिक जब्त किया, जिसे 10 से अधिक ट्रैक्टरों के माध्यम से हटाया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें निगम के अधिकारी एवं कर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ जुटे रहे। अभियान का नेतृत्व उप नगर आयुक्त शम्स रजा और नगर प्रबंधक ने किया। उनके साथ सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी सहित विशेष स्वच्छता टीम मौजूद रही, जिन्होंने गोदामों और दुकानों की बारीकी से जांच की। छापेमारी के दौरान कुछ दुक. ानदारों द्वारा विरोध भी किया गया। इस दौरान एक महिला विक्रेता कंचन कुमारी ने भावुक होकर अपनी स्थिति बताई और राहत की अपील की, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित है और नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।





जब्त प्लास्टिक को उचित निस्तारण के लिए अपशिष्ट केंद्र भेजा जा रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रशासन ने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे प्लास्टिक के उपयोग से बचें और कपड़े या जूट के थैलों का इस्तेमाल करें, ताकि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके।





## छह ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करायेगी भारत गौरव ट्रेन 11 मई को राजगीर से खुलेगी ट्रेन

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर से भारत गौरव यात्रा ट्रेन 11 मई को चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन यात्रियों को भारत वर्ष के छह प्रमुख ज्योतिर्लिंगों सहित अन्य दार्शनिक स्थलों का दर्शन कराएगी। इसमें महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग उज्जैन, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग सोमनाथ, श्री द्वारकाधीश मंदिर एवं श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग द्वारका, त्रयंवकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक, श्री घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग औरंगाबाद एवं श्री साई दर्शन शिरडी शामिल है। पर्यटन विभाग रेलवे के सहायक मैनेजर विश्व रंजन शाह ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना है। सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित करना है। देश के विभि. ान्न क्षेत्रों के नागरिकों के बीच भावनात्मकता जुड़ाव को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन झांसगुडा रेलवे स्टेशन से सुबह में खुलेगी जो राउरकेला, रांची, मुरी, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, और गया होते हुए राजगीर पहुंचेगी। राजगीर से यह ट्रेन रात्रि में खुलेगी जो बिहारशरीफ पटना बक्सर दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते आगे जायेगी। इसमें स्लीपर के साथ थर्ड एसी के तीन और सेकंड एसी के दो कोच होंगे। साथ ही हर कोच में एक अटेंडेंट गाइड सुरक्षा गाइड मेडिकल स्टाफ सभी साथ में रहेंगे।

## वनकर्मियों ने सफाई अभियान चलाकर ग्रीन व क्लीन राजगीर का दिया संदेश, वनक्षेत्र को बनाना है प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र – सिम्मी प्रिय नैना

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ग्रीन एंड क्लीन राजगीर के तहत प्लास्टिक मुक्त वनक्षेत्र को बरकरार रखने के संकल्प के साथ स्वच्छ पर्यावरण का संरक्षण करना है। हम अपने आस पास के प्राकृतिक वातावरण की शत प्रतिशत शुद्धता और नो प्लास्टिक जोन फॉरेस्ट एरिया का निर्माण कर सकते हैं। प्लास्टिक मुक्त वनक्षेत्र से राजगीर पर्यावरण को ठीक रखना है। ये बातें नालंदा वन प्रमंडल के सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) सिम्मी प्रिय नैना ने राजगीर वनक्षेत्र के विशेष सफाई महाअभियान में कहीं। वनकर्मियों का नेतृत्व कर रहे नालंदा वन प्रमंडल सह नेचर सफारी यूनिट के रेंज ऑफिसर ऋषिकेश ने बताया कि यह महाअभियान राजगीर वनक्षेत्र सीमा स्थित मां जरा देवी मंदिर एवं मगध सम्राट राजा जरासंध स्मारक पार्क होते हुए रोपवे मार्ग तक के चार किलोम. ीटर तक चलाया गया। इसमें सहायक वन संरक्षक के अलावा वेणुवन विहार वन क्षेत्र पदाधिकारी श्याम कुमार पांडेय, वनपाल रंजीत कुमार, रोहित सिंह व आमोद कुमार, वनरक्षी पुरूषोत्तम कुमार, शशि रंजन, शंकर कुमार, संजय कुमार, संजीव कुमार,





सूर्या कुमार, कर्मेंद्र कुमार, सौरव कुमार, अरविंद कुमार, गिरिराज कुमार, विवेक कुमार, हरदेव कुमार, देव कुमार, गौरव कुमार, रजनीकांत, मुकेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार, रॉकी कुमार, विद्या सागर, दीपक प्रकाश व विशाल कुमार शामिल हुए।

## गर्मी को लेकर राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी के समय में हुआ बदलाव

### सुबह 7 बजे से 12 बजे तक ही खुला रहेगा जू सफारी व नेचर सफारी



### 15 अप्रैल से सुबह 7 बजे से लेकर 12 बजे तक पर्यटक को का रहेगा प्रवेश।

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** गर्मी को देखते हुए राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी अब पर्यटकों के लिए 15 अप्रैल से सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही खुला रहेगा। इसी समय के अनुसार स्लॉट में बुकिंग किया जायेगा। वन प्रमंडल पदाधिकारी रा. जकुमार एम एवं राजगीर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम ने कहा कि राजगीर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक हो गया है। बिहार मौसम सेवा केन्द्र के दैनिक मौसम बुलेटिन के द्वारा राजगीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जो सामान्य से अधिक हो रही है। दोपहर के समय काफी गर्मी एवं लू की संभावना है। इससे पर्यटकों के स्वास्थ पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुये पिछले साल की तरह 15 अप्रैल से अगले आदेश तक राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी के संचालन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक ही होगा।







# डीएम कुंदन कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक, 'ज्ञान भारतम् मिशन' व जनहित योजनाओं पर जोर

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर–तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025–26 में शुरू किए गए "ज्ञान भारतम् मिशन" के तहत देशभर में उपलब्ध पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटाइजेशन एवं अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह ज्ञान शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। उन्होंने सभी संबंधित विभ. ागों को निर्देश दिया कि सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों, मठ–मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक पुस्तकालयों एवं निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान, सूचीकरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा करें और उन्हें "ज्ञान भारतम् पोर्टल" पर अपलोड करें।



**स्कूल चलो अभियान पर सख्त निर्देश**

डीएम ने डीपीओ आईसीडीएस एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि "स्कूल चलो अभियान" के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बच्चों का डाटाबेस तैयार करने और सभी को निरूशुल्क पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

**'सबका सम्मान–जीवन आसान' पर फोकस**

बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान–जीवन आसान' (Ease of Living) पर विस्तार से चर्चा हुई। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करेंगे। यदि किसी कारणवश अधिकारी अनुपस्थित रहें, तो अधिकृत पदाधिकारी इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**जनता दरबार व भूमि विवादों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश**

डीएम ने निर्देश दिया कि वर्ष 2026 में प्राप्त जिला जनता दरबार के सभी मामलों का शत–प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी रिपोर्ट ऑनलाइन अपडेट की जाए। साथ ही भूमि विवाद से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान करने पर भी जोर दिया गया।

**सिंचाई, नल–जल व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल को पइन–आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए, ताकि सिंचाई सुचारू रूप से हो सके। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को नल–जल योजनाओं की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए क्यूआरटी/मोबाइल व्हीकल की व्यवस्था करने को कहा गया।सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन, निरूशक्तजन विवाह योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना एवं कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश भी दिए गए।

**राशन कार्ड, बिजली व स्वास्थ्य**

डीएम ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को राशन कार्ड से संबंधित लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने तथा अस्वीकृत आवेदनों का स्पष्ट कारण बताने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग को शॉर्ट सर्किट से होने वाली आग की घटनाओं को रोकने के उपाय करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन एवं एक्स–रे जैसी सेवाओं को पूरी तरह क्रियाशील रखने तथा खराब उपकरणों की त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**अगलगी व बाढ़ से निपटने की तैयारी**

गर्मी के मौसम को देखते हुए अग्निशमन दस्ते को अलर्ट मोड में रहने तथा अगलगी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी को फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तटबंधों की मरम्मत समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदा. धिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे, जबकि प्रखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी पदाधिकारियों को संवेदनशील, जवाबदेह एवं समयबद्ध कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए।


# ट्विनिंग कार्यक्रम के तहत हरगामा के छात्रों ने छबीलापुर विद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को आर.जी.एल. उच्च विद्यालय, छबीलापुर में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, हरगामा के छात्र–छात्राओं का शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या सुषमा कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हरगामा विद्यालय के शिक्षककृविकास कुमार, मोहम्मद अफजाल, नाजिया अली, इंदु कुमारी, ममता कुमारी, नूतन कुमारी, प्रिया कुमारी एवं अंजू कुमारी के साथ आए छात्र–छात्राओं ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला समेत विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों को नजदीक से समझा। कार्यक्रम में मेंटोर शिक्षक अजय कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, कुंज बिहारी एवं कुंजेश ने आगंतुक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने ट्विनिंग विद्यालय की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पहल के माध्यम से छात्रों को एक–दूसरे के विद्यालयी वातावरण से सीखने और अपने ज्ञान का विस्तार करने का अवसर मिलता है। मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने कहा कि आने वाले समय में दोनों विद्यालयों के बीच संयुक्त परिभ्रमण, क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन, वाद–विवाद, रंगोली एवं पेंटिंग जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा और सीखने की भावना विकसित होगी। इस प्रस्ताव का दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों ने स्वागत किया।




कार्यक्रम के दौरान आर.जी.एल. उच्च विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न विषयों की जानकारी दी। संगीत शिक्षिका राखी कुमारी एवं सोनल साक्षी ने विद्यार्थियों को संगीत के महत्व और उसकी बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर अशोक कुमार, जैनेंद्र कुमार, संजीत कुमार, सुजीत कुमार, सुरजीत कुमार, सीमा कुमारी, कल्पना रेखा, शंकर कुमार, लाइब्रेरियन मोहम्मद आफताब आलम, धीरज कुमार, राकेश कुमार, सूरज नारायण एवं हिंदी शिक्षक अजय कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुषमा कुमारी ने सभी छात्र–छात्राओं के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था कराई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।






अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# अंबेडकर जयंती से पहले भाजपा एससी मोर्चा का स्वच्छता अभियान, प्रतिमा स्थल की हुई सफाई

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व सोमवार को बिहार शरीफ के देवी सराय स्थित उनकी प्रतिमा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी, नालंदा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान ने किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर प्रतिमा स्थल की साफ–सफाई कर परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया। इस मौके पर भाजपा नालंदा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मुख्य रूप से उप. स्थित रहे। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और महापुरुषों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, सोनू कुमार (हिंदू), ललन पासवान, आलोक कुमार, राहुल कुमार, मुन्ना पांडे सहित कई वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।



वहीं, आईटी सेल के संयोजक अमित शान के नेतृत्व में पंकज पासवान, विवेक कुमार, गुड्डू पासवान, बबलू पासवान, नीरज कुमार, अमरेंद्र कुमार, मसूदन कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, राम कुमार, अविनाश कुमार एवं राजीव पासवान सहित एससी मोर्चा की पूरी टीम ने बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाई।कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए अंबेडकर जयंती को सम्मानपूर्वक मनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

# सत्संग से जीवन में बदलाव संभव, शाकाहार व नशामुक्ति अपनाने का आह्वान– संत पंकज जी महाराज

**केशववाणी पटना सिटी (पटना)।** परम संत संत पंकज जी महाराज इन दिनों बिहार में 67 दिवसीय जनजागरण यात्रा के माध्यम से शाकाहार, सदाचार एवं मद्यनिषेध का संदेश जन–जन तक पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में उनकी यात्रा का 39वां पड़ाव सोमवार को प्रखंड सम्पतचक अंतर्गत ग्राम रामपुर (सोहगी) में हुआ, जहां स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। मंगलवार को आयोजित सत्संग में संत पंकज जी महाराज ने कहा कि सत्संग मन, बुद्धि और अंतःकरण की शुद्धि का माध्यम है। यह व्यक्ति के भीतर छिपी बुराइयों को समाप्त कर उसे सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सच्चा सत्संग वही है, जो आत्मा को परमात्मा से मिलने की राह दिखाए। उन्होंने बताया कि संतों का संग ही वास्तविक सत्संग है और मनुष्य को अपने भीतर स्थित ईश्वर को पहचानने की आवश्यकता है। भजन की सरल विधि (नाम–दान) के माध्यम से व्यक्ति अपने अंदर दिव्य अनुभूति प्राप्त कर सकता है। संत पंकज जी महाराज ने अपने गुरु परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर लाखों लोगों का जीवन सकारात्मक दिशा में बदला है।



उन्होंने लोगों से मांसाहार, मद्यपान एवं अन्य बुराइयों का त्याग कर शाकाहारी एवं सदाचारी जीवन अपनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मानव अपने आचरण में सुधार नहीं करेगा, तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे भविष्य में गंभीर संकट उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा और नशा जैसी प्रवृत्तियां समाज को पतन की ओर ले जाती हैं। सत्संग के दौरान उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारा सत्संग मेले में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, आयोजक सुधीर कुमार, मास्टर राजकमल, सुरेंद्र राय, अनुज कुमार, भगत जी एवं प्रयागराज संगत के अध्यक्ष सुखराम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव ग्राम जीवनचक/ज्ञानचक (महुली रोड, न्यू एरा हाई स्कूल के पास, थाना दीदारगंज) के लिए रवाना हो गई, जहां अगले दिन पूर्वाह्न 11:30 बजे से सत्संग आयोजित किया जाएगा।

# नालंदा जिले के हरनौत में बम मिलने से इलाके में मची हड़कंप

## चेरो ओपी थाना क्षेत्र के मुशहरी गांव के खंधा में बम मिलने से इलाके में फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत के चेरो ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत डिहरी पंचायत के मुशहरी गांव के खंधा में सोमवार की शाम 4 बजे एक डिब्बा में रखे बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही चेरो ओपी थाना पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच कर तुरंत पूरे इलाके को सुरक्षा के घेरे में ले लिया। वही ग्रामीणों के बीच कुछ देरी के लिए अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। बम की खबर सुनते ही सैकड़ो ग्रामीणों के भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शाम ढलते ही गेहूं की कटाई के लिए कुछ किसान लोग मुशहरी गांव के पश्चिम दिशा में गेहूं के खेत गए तो देखा कि बीच खेत में एक डिब्बा में चार–पांच की संख्या में बम रखा हुआ दिखाई दिया। इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया।



वही मौके पर पहुंचकर चेरो ओपी थाना पुलिस ने क्षेत्र को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया करने में जुट गए।वही चेरो ओपी थाना प्रभारी रौशन कुमार ने बताया कि बम मिलने वाली जगह को पुलिस के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से घेराबंदी कर सुरक्षित कर लिया गया है। और इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को दी गई है।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत पीड़ित परिवार को मिली आर्थिक सहायता



**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट सिलाव (नालंदा)।** प्रखंड के सब्बैत गांव की निवासी संजीदा खातून को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहायता उनके पति की सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु के बाद दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजीदा खातून के पति की मृत्यु 21 मार्च 2024 को एक सड़क हादसे में हो गई थी, जिसके बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। मामले की जांच एवं प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सहायता राशि स्वीकृत की गई। योजना के तहत मिली इस आर्थिक सहायता से पीड़ित परिवार को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

# 70 प्रतिशत ही हुआ जीवन प्रमाणीकरण, शेष पेंशनधारियों का भुगतान बाधित

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया अभी अधूरी है, जिसके कारण कई लाभार्थियों का पेंशन भुगतान बाधित हो रहा है। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिले में केवल 70 प्रतिशत पेंशनधारियों का ही जीवन प्रमाणीकरण पूरा हो सका है। उन्होंने बताया कि मृत पेंशनधारियों की पहचान कर ई–लाभार्थी पोर्टल के डाटाबेस को अद्यतन करने के उद्देश्य से कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के माध्यम से निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण का कार्य 22 दिसंबर 2025 से संचालित किया जा रहा है। इसके बावजूद शत–प्रतिशत प्रमाणीकरण नहीं होने के कारण कई पात्र लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन ने सभी छूटे हुए पेंशनधारियों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जीवन प्रमाणीकरण कराएं, ताकि उनका पेंशन भुगतान बिना किसी बाधा के जारी रह सके। जिले के सभी पंचायतों के कॉमन सर्विस सेंटर एवं प्रखंड स्तर पर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रशासन का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द शत–प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित कर सभी लाभार्थियों को नियमित पेंशन उपलब्ध कराया जाए।

# हरनौत–चेरो सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय

## नारायण पीठ पर मानव धर्मशास्त्र कथा भंडारा के साथ हुआ संपन्न





## भंडारा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** प्रखंड क्षेत्र के चेरो ओपी थाना के के पास नेशनल हाईवे 20 किनारे स्थित चेरो सूर्य मंदिर तालाब परिसर में तीन दिवसीय नारायण पीठ पर मानव धर्मशास्त्र कथा का आयोजन किया गया था। जो सोमवार को विशाल भंडारा के साथ संपन्न हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्र से आए हुए श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा चेरो सूर्य मंदिर परिसर धार्मिक माहौल में सराबोर नजर आया। इसके पूर्व कथा के अंतिम दिन कथावाचक संत देवराज नागर और भजन गायक सत्यजीत जैन ने मधुर भजन और कथा से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में राजस्थान के बाड़मेर से संगीत मंडली को भी बुलाया गया था। साथ ही अवधूत देवीदास सेवा संस्थान के सहयोग से चेरो गांव में लाखों रुपए की लागत से बने नवनिर्मित महिला संस्कार स्न. ।नागार का उद्घाटन संस्थान के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी रमाकांत वर्मन के पत्नी श्रीमती विनीता वर्मन के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। रमाकांत बर्मन ने बताया कि अवधूत देवदास सेवा संस्था नारायणी धाम अलवर राजस्थान के द्वारा नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत चेरो सूर्य मंदिर तालाब परिसर में तीन दिवसीय नारायण पीठ पर मानव धर्मशास्त्र कथा का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन 1101 महिला श्रद्धालु एवं कन्याकुमारी के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकालने के बाद कथा का शुभारंभ किया गया था। एवं दूसरे दिन वस्त्र का वितरण किया गया। वही तीसरे और आज अंतिम दिन विशेष आरती के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें चेरो, खरुआरा, बिरजू मिल्की, द्वारिका बीघा,कल्याण बीघा, तीरा, उखाड़ा, बामोचक समेत आसपास के दर्जनों गांव से लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पूरी,बुंदिया और सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु अवधूत देवीदास महाराज जी के परमशिष्य अवधूत लक्ष्मी नारायण जी ने एक किताब का रचना किया जिसका नाम है मानव धर्मशास्त्र । उन्होंने बताया कि मानव धर्मशास्त्र का उद्देश्य है कि मानवता, प्रीति,सौहार्द, प्रेम, शांति जिसका संदेश हम लोग ने गांव–गांव जाकर दे। महात्मा बुद्ध और महावीर भी यही कार्य करते थे। उन्होंने कहा की चेरो गांव पूरे दुनिया के मैप पर जाना जाए। एक आध्यात्मिक के रूप में किसी के प्रयास को लेकर हम सब लोग नियंत्रण कार्य पर लगे हुए हैं। यह आयोजन भक्ति, ज्ञान और सामाजिक एकता को प्रतीक है। जो सभी के लिए पुण्यदायक माना जाता है। वही मौके पर मंदिर के पुजारी सुदामा बाबा, संस्थान के चेयरमैन विनोद कुमार सिंह,चेरो पंचायत के पूर्व मुखिया राम भगवान यादव एवं विजय सिंह,नीतीश कुमार,सतीश प्रसाद, दुलार्चन यादव, दानी यादव, धर्मेंद्र जय हिंद हिरदेश,अशोक ,राजेश, रामजोत, धुरी, विर्जन ,विकास ,मनोज, कैलू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

www.affinitywebsolution.com

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में गूंजा महिला सशक्तिकरण का संदेश, पीएम मोदी का संबोधन सुना गया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला कार्यालय में सोमवार (13 अप्रैल 2026) को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव संबोधन को सैकड़ों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने एक साथ सुना। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश नेत्री सुषमा शाहू, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तथा पटना की नमो ऐप जिला संयोजिका नेहा पोद्दार सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सुषमा शाहू ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह अवसर ऐतिहा. सिक और गौरवपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश की बेटियों और नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों की विस्तृत जानकारी दी है। उनके नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह बिल वर्ष 1996 से लंबित था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2023 में पारित कराकर महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि जब यह कानून पूर्ण रूप से लागू होगा, तब संसद में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व रूप से बढ़ेगी और महिला सांसदों की संख्या 273 तक पहुंच सकती है। इससे देश के लोकतंत्र में एक नया इतिहास रचा जाएगा। सुषमा शाहू ने आगे कहा कि महिलाओं की प्रगति देश की अर्थव्यवस्था से सीधा जुड़ी है।



जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो उनका उद्देश्य केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग का समग्र विकास सुनिश्चित करना होता है। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति के उत्थान के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इन योजनाओं से देश की करोड़ों गरीब एवं पिछड़ी महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" को एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को अभूतपूर्व लाभ मिलेगा और समाज में उन्हें उचित सम्मान प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, साबो देवी, डॉ. अशुतोष कुमार, जिला मंत्री अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, प्रवीण सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, रीना कुमारी, सोनू कुमार हिंदू, प्रणव सिन्हा, क्रीड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक जयराम कुमार, सूर्य भूषण सिंह, सुभाष कुमार सिंह, राहुल कुमार, तेतरी देवी, बबीता देवी, पुनीता देवी, गौरी देवी, वनीता कुमारी, राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और पूरे वातावरण में महिला सशक्तिकरण का संदेश गूंजता रहा।

# सर्पदंश से किशोर की मौत, गांव में शोक की लहर

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर पंचायत अंतर्गत कैलाशपुरी गांव में विषैले सर्पदंश से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान कर्मेंद्र जमादार के 15 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अर्जुन कुमार को अचानक विषैले सर्प ने डंस लिया। घटना के बाद परिजन एवं स्थानीय ग्रामीण उसे बचाने के लिए तुरंत इलाज हेतु ले गए, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। वहीं, रानीपुर पंचायत की मुखिया रिंकू देवी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा अंतिम संस्कार के लिए तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# एचआर भत्ता में गड़बड़ी का आरोप, डीईओ पर जांच व कार्रवाई की मांग तेज

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में शिक्षकों को दिए जाने वाले एच.आर. (आवास भत्ता) में कथित अनियमितता का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (नालंदा) के जिलाध्यक्ष राज. कुमार पासवान ने जिला शिक्षा पदाधिकारी आनन्द विजय के खिलाफ वित्तीय गड़बड़ी की जांच कर मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई शिक्षकों ने शिकायत की कि शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार तत्कालीन डीईओ द्वारा 14 सितंबर 2022 को पत्रांक–1762 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ को पत्र भेजा गया था। पत्र में स्पष्ट किया गया था कि नगर परिषद, नगर निगम एवं नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा से 8 किलोमीटर के दायरे में स्थित विद्यालयों के शिक्षकों को कार्यपालक अभियंता द्वारा जारी दूरी प्रमाण पत्र के आधार पर ही एच.आर. (आवास भत्ता) का भुगतान किया जाएगा। इसके बावजूद आरोप है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिले के हजारों शिक्षकों को 7.5 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत की दर से आवास भत्ता का भुगतान कर दिया गया। बताया जा रहा है कि एक ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अलग–अलग दर से भत्ता दिया जा रहा है, जिससे शिक्षकों में भारी असंतोष व्याप्त है।राजकुमार पासवान ने कहा कि इस प्रकार की अनियमितता से जिले में जानबूझकर वित्तीय संकट उत्पन्न किया गया है, जिसके कारण कई जरूरतमंद शिक्षकों को समय पर भुगतान नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है। उन्हा. ने संबंधित उच्चाधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर डीईओ के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाए। इस संबंध में ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, बिहार सरकार, अपर मुख्य सचिव (शिक्षा एवं वित्त विभाग), निदेशक माध्यमिक शिक्षा, निदेशक प्राथमिक शिक्षा, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो एवं आर्थिक अपराध इकाई को भी प्रेषित की गई है।

# खेतों में लगी भीषण आग से 7 बीघा गेहूं की फसल राख, किसान को भारी नुकसान

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोट इस्लामपुर(नालंदा)।** खोदागंज थाना क्षेत्र के बा. रीडीह पंचायत अंतर्गत डौरा गांव में सोमवार को भीषण अग्निकांड में करीब 7 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में लगभग तीन लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पास के खेतों में फसल अवशेष जलाने के दौरान उठी आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में बड़ी क्षेत्रफल की फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन दल और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित किसान महेंद्र रावत ने बताया कि इस अग्निकांड से उनकी पूरी फसल बर्बाद हो गई है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद उनका रो–रोकर बुरा हाल है।



ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

# नेहुसा में दो दिवसीय बाबा चौहरमल वार्षिक महोत्सव संपन्न



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के नेहुसा गांव में चल रहे श्री श्री 108 बाबा चौहरमल स्मारक समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय मेला सोमवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाबा चौहरमल ने समाज में फैले कुरुतियों को दुर किए। वे अन्याय के खिलाफ लड़ें। उनसे शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव समाज में कोई बच्चें अगर ग़लत काम करते है तो उन्हें समझाईए। बच्चे को पढ़ाई। पढ़ेंगे तो ग़लत मार्ग पर नहीं चलेगें। वहीं समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने बताया कि दो दिवसीय मेला समापन हो गया। इसमें प्रसिद्ध गायकों में झारखंड से संजय व्यास , नालंदा जिले के रहुई प्रखंड से श्रवण व्यास, पटना से उमेश व्यास एवं दिनेश व्यास ने दुगोला में अपनी कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि तालाब परिसर में मेला एवं नाट्य का भी मंचन किया गया। जिसमें मेला में विभिन्न प्रकार के झुले, विभिन्न प्रकार के श्रंगार दुकानें,मिठाई दुकानें सजी थी। जहां युवक–युवतीयां के साथ–साथ सपरिवार के लोगों ने लुफ्त उठाया।मौके पर दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री के अध्यक्ष रविकांत कुमार ,जदयू पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार, पूर्व मुखिया धनश्याम सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजकिशोर पासवान, विजेंद्र वर्णणाला,लक्ष्मण पासवान समेत लोग शामिल थे।

**दो दिवसीय मेला में नाट्य का भी मंचन**

वहीं दो दिवसीय मेला में नाट्य में कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों को दिखाया गया। वहीं दि ग्रेट बिहारी विदेशिया नाट्य पार्टी के प्रोप्राइटर बखोरी राय ने बताया कि पहले दिन आल्हा उदल का मंचन जबकि दूसरे दिन रेश्या चौहरमल का मंचन किया गया।इस दौरान पहले समाज में फैले विभिन्न प्रकार के कुरूतियों को मंचन कर दिखाया गया।जो मेला दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है। उन्होंने कहा बीच बीच में हास्य व्यंग भी किया गया जबकि डांसर द्वारा फिल्मी गीतों पर डांस की भी प्रस्तुती दिखाई गई। वहीं इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही।इस दौरान दर्शकों ने जमकर सराहना की।यहां तक तालि बजाकर कलाकारों को स्वागतम किया।

# ज्ञान, तकनीक और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध

## तकनीक के माध्यम से जनजातीय परिवर्तन विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में नालंदा विश्वविद्यालय की सहभागिता

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राष्ट्रीय नीति एवं विकास से जुड़े विमर्शों में अपनी सतत भागीदारी के क्रम में नालंदा विश्वविद्यालय ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। "तकनीक और विज्ञान के जरिए जनजातीय भारत का परिवर्तनदृ अवसर, आकांक्षाएं, रास्ते" विषयक इस सम्मेलन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति डॉ. सीपी राधाकृष्णन ने किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच एवं दून संस्कृति स्कूल दे. हरादून के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रा. फेसर सचिन चतुर्वेदी ने आजीविका, उद्यमिता और समुदाय सशक्तिकरण के लिए तकनीक नामक महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में एनईसीटीएआर के महानिदेशक डॉ. अरुण कुमार शर्मा, आईआईटी कानपुर के प्रो. अमेय करकरे और प्रो. अनुराग पांडे तथा मणिपुर के उद्यमी एन इराबंता सिंह जैसे प्रमुख विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। चर्चा का फोकस तकनीक आधारित आजी. विका और समुदाय सशक्तिकरण के रास्तों पर रहा।




प्रोफेसर चतुर्वेदी ने कहा कि वित्तीय समावेशन के लिए ऐसी डिजिटल बुनियादी ढांचे की जरूरत है जो बिना इंटरनेट या बिजली के भी काम कर सके। यह दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम जन धन योजना का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ाव इसका दायरा और प्रभाव लगातार बढ़ाएगा। नालंदा विश्वविद्यालय ज्ञान, तकनीक और समावेशी विकास को जोड़ने वाली चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# केंद्रीय विद्यालय में नामांकन के लिए प्रोविजनल सूची जारी ,15–20 अप्रैल तक नामांकन

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** स्थानीय बाजार के सडिमका परिसर में स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में सोमवार को प्रोविजनल लिस्ट जारी की गई। वहीं स्कूल के प्राचार्य सीबी कुमार ने कहा कि एडमिशन कमिटी के सदस्य, लॉटरी कमिटी के सदस्य, प्रचार्य एवं वीएमसी के चेयरमैन के सामूहिक हस्ताक्षर से सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 2 से आगे की कक्षाओं (कक्षा 9 को छोड़कर) की प्रोविजनल सूची जारी कर दिया गया है। जिसमें कक्षा दो ,तीन,चार व छःमें वेटिंग सहित 11 ,कक्षा पांच में वेटिंग सहित नौ ,कक्षा सात में वेटिंग सहित 14 एवं कक्षा आठवीं में वेटिंग सहित 12 छात्र–छात्राएं शामिल है। उन्होंने कहा कि कक्षा दो,तीन एवं छः में छः रिक्तियां हैं। जबकि चार , सात और आठ में कुल सात रिक्तियां। जबकि कक्षा पांचवीं में मात्र चार रिक्तियां हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त रिक्तियां के लिए ऑफलाइन आवेदन ली गई थी। उन्होंने कहा कि 15 से 20 अप्रैल ( सुबह दस से दोपहर 12 बजे के बीच) तक चयनित छात्र–छात्राएं का नामांकन लिया जाएगा। वहीं प्रोविजनल सूची जारी स्कूल के दरवाजे के पास शाम में चिपकाया गया। जिसमें लोगों ने अपने–अपने बच्चे के जमा किए गए फॉर्म के डिटेल्स ( रिसिविंग के माध्यम से) देखकर जानकारी स्वयं लेते दिखें।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120

Mob: - 7033325120
Shri Sai
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101